# PRACTICE SET-01

**1. In MS Word, by pressing which of the following key combination a page break can be inserted?/MS वर्ड में, निम्नलिखित में से किस 'की' कॉम्बिनेशन या समुच्चय को दबाकर पेज ब्रेक इंसर्ट किया जा सकता है?**

(a) Ctrl + F1 (b) Shift + Enter
(c) Shift + F1 (d) Ctrl + Enter

**2. For which purpose shortcut key "N" is used during the slide show in MS Power point?**
**संक्षिप्त कुंजी "N" का उपयोग एमएस पॉवरप्वॉइंट में स्लाइड शो के दौरान क्यों किया जाता है?**

(a) Moves to previous slide or animation
पिछले स्लाइड अथवा एनीमेशन में जाने के लिए
(b) Moves to next slide or next animation
अगले स्लाइड अथवा एनीमेशन में जाने के लिए
(c) Selects the previous letter
पिछले अक्षर का चयन करने के लिए
(d) Selects the next letter
अगले अक्षर का चयन करने के लिए

**3. Identify the INCORRECT statement about videos in a slide in MS-PowerPoint./एमएस-पॉवरप्वॉइंट में स्लाइड वीडियो के बारे में गलत कथन की पहचान करें।**

(a) Current playback position in the file is indicated on the horizontal slider.
फाइल में वर्तमान प्लेबैक स्थिति क्षैतिज स्लाइडर पर इंगित की गई है।
(b) Once set, it is not possible to change the volume of the video clip.
एक बार सेट हो जाने पर, वीडियो क्लिप का वॉल्यूम बदलना संभव नहीं है।
(c) Video files provide zoom-in feature.
वीडियो फाइलें जूम-इन सुविधा प्रदान करती हैं।
(d) MS-PowerPoint enables to see the preview of video files.
एमएस-पॉवरप्वॉइंट वीडियो फाइलों का पूर्वावलोकन (Preview) देखने में सक्षम बनाता है।

**4. When you create first presentation file in MS-PowerPoint, what will be the default file name?**
**जब आप MS-Power Point में पहली प्रस्तुति फाइल बनाते हैं तो डिफॉल्ट फाइल नाम क्या होगा?**

(a) Powerpoint1 (b) Slide 1
(c) Presentation1 (d) Presentation

**5. The default alignment of texts in MS-Excel is :**
**एमएस-एक्सेल में टेक्स्ट का डिफॉल्ट संरेखण है–**

(a) Left/बाएं (b) Right/दाएं
(c) Centre/बीच में (d) Justify/जस्टिफाइ

**6. CalC, Lotus 1-2-3, QuattroPro etc. are popular examples of ________./CalC, Lotus 1-2-3, QuattroPro आदि _____ के लोकप्रिय उदाहरण हैं।**

(a) Backup Utility/बैकअप यूटिलिटी
(b) Spreadsheet Packages/स्प्रेडशीट पैकेज
(c) Word Processing Software
वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर
(d) DBMS

**7. Which of the following functions of Microsoft Excel returns the maximum value from selected database entries?**
**माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल का निम्नलिखित में से कौन सा फंक्शन चयनित डेटाबेस प्रविष्टियों से अधिकतम मूल्य देता है।**

(a) DCOUNTA (b) DMAX
(c) DELTA (d) DCOUNT

**8. In Microsoft Word 2013, which of the follwing menus includes Insert row/column in table?**
**माइक्रोसॉफ्ट वर्ड 2013 में, निम्न में से किस मेनू में इन्सर्ट रो/कॉलम टेबल सम्मिलित है?**

(a) Design (b) Insert
(c) Layout (d) Page Layout

**9. Which type of section break helps to start a new section on the same page in Microsoft Word?/माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में एक ही पेज पर एक नया सेक्शन शुरू करने के लिए किस प्रकार का सेक्शन ब्रेक मदद करता है?**

(a) Even page/इवन पेज
(b) Odd page/ऑड पेज
(c) Insert page/इन्सर्ट पेज
(d) Continuous/कंटीन्यूअस

**10. With respect to Microsoft Word documents, which of the following statements is FALSE?**
**माइक्रोसॉफ्ट वर्ड दस्तावेजों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है।**

(a) Footers help users to repeat content at the bottom of every page./फुटर उपयोगकर्ता को प्रत्येक पृष्ठ के निचले भाग पर content दोहराने में मदद् करते है।
(b) Headers help users to repeat content at the top of every page.
हेडर प्रत्येक, पृष्ठ के शीर्ष पर content को दोहराने में उपयोगकर्ताओं की सहायता करते है।
(c) Page numbers can appear either at the top or the bottom of every page./पृष्ठ संख्याएँ प्रत्येक पृष्ठ के ऊपर या नीचे दिखाई दे सकती है।
(d) A single document cannot have both Roman and Arabic numerals as page numbers.
एक एकल दस्तावेज में पृष्ठ संख्या के रूप में रोमन और अरबी दोनों अंक नहीं हो सकते।

11. **Which among the following method can be used to right align a text?**
**निम्नलिखित विधि में से कौन-सा तरीका दाएं संरेखित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है?**
(a) Ctrl + I (b) Ctrl + Z
(c) Ctrl + J (d) Ctrl + R

12. **Which of the following programming languages is related to AI (Artificial Intelligence) development?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज AI ( आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस ) डेवलपमेंट से संबंधित है?**
(a) C language/C लैंग्वेज
(b) C++ language/C++ लैंग्वेज
(c) Java language/जावा लैंग्वेज
(d) Prolog language/प्रोलॉग लैंग्वेज

13. **Which among the following is/are required functions in an Arduino sketch or a program?**
**निम्नलिखित में से कौन एक Arduino स्केच या प्रोग्राम में आवश्यक कार्य है/हैं?**
**A. setup ()**
**B. loop ()**
(a) Only B/केवल B
(b) Only A/केवल A
(c) Neither A nor B/न तो A और न ही B
(d) Both A and B/A और B दोनों

14. **How many attachments can we send through email?**
**हम ई-मेल के जरिए कितने अटैचमेंट भेज सकते हैं?**
(a) We cannot send attachments through email.
(b) We can send only 1 attachment.
(c) We can send many attachments.
(d) We can send only 2 attachments.

15. **E-mail messages are passed through the internet by using a protocol called..............**
**..............नामक प्रोटोकॉल का उपयोग करके ई-मेल संदेशों को इंटरनेट के माध्यम से भेजा जाता है।**
(a) File Transfer Protocol/फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(b) USD protocol/यू.डी.पी. प्रोटोकॉल
(c) Simple Messenger service protocol
सिंपल मैसेंजर सर्विस प्रोटोकॉल
(d) Simple mail Transfer Protocol
सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल

16. **Who among the following is one of the founders of Google?/इनमें से कौन गूगल (Google) के संस्थापकों में से एक है?**
(a) Jerry Yang/जेरी यांग
(b) Larry Page/लैरी पेज
(c) Jon koum/जॉन कौम
(d) Mark Zuckerberg/मार्क जुकरबर्ग

17. **Which was the first web browser developed by the National Center for Supercomputing applications?**
**नेशनल सेंटर फॉर सुपरकम्प्यूटिंग एप्लिकेशंस द्वारा विकसित पहला वेब ब्राउज़र कौन सा था?**
(a) Mosaic/मौजेक
(b) Netscape/नेटस्केप
(c) Opera/ओपेरा
(d) Mozila Firefox/मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स

18. **Internet, initially started as–**
**इन्टरनेट की शुरूआत............ के रूप में की गई थी।**
(a) TCP/IP experiment/TCP/IP प्रयोग
(b) Network for the defence force of America
अमेरिका सुरक्षा बलों के नेटवर्क
(c) Group of research scientists of bell Lab
बेल प्रयोगशाला के शोध वैज्ञानिकों के एक दल
(d) Contribution was done by all the above institutions/उपरोक्त सभी के योगदान

19. **Dial-up networking is :**
**डायल-अप नेटवर्किंग क्या है?**
(a) a modulation technique/मॉडुलन तकनीक
(b) a multiplication technique/गुणन तकनीक
(c) a modulation technique/संपर्क विधि
(d) a demodulation technique/विमॉडुलन तकनीक

20. **A person who breaks into the computer system to get access the information stored there for unauthorised use is called:**
**वह व्यक्ति जो अनधिकृत उपयोग के लिए कंम्प्यूटर सिस्टम में संगृहीत (stored) जानकारी पाने के लिए सेंध (breaks) लगाता है, उसे क्या कहा जाता है?**
(a) Organiser/आर्गनाइजर
(b) Snatcher/स्नैचर
(c) Hacker/हैकर
(d) Blogger/ब्लॉगर

21. **Which of the following network topology has more complex structure?**
**निम्नलिखित में से कौन से नेटवर्क टोपोलोजी की रूपरेखा अधिक जटिल है?**
(a) BUS/बस (b) Star/स्टार
(c) Mesh/मेश (d) Hybrid/हाइब्रिड

22. **For textual chatting on internet, most common chat protocol is _______./इंटरनेट पर टेक्स्ट चैट हेतु, सबसे सामान्य चैट प्रोटोकॉल ______ है।**
(a) HLR (b) IRC
(c) H.323 (d) SIP

23. **The Network is overloaded with enormous data sent by many computers within the network. The inability of the network to deliver the data is termed as**

नेटवर्क के अंदर बहुत से कम्प्यूटरों द्वारा भेजे गए भारी मात्रा में डाटा के अत्यधिक भर जाने पर नेटवर्क डाटा नहीं दे पाता, उसे क्या कहते है?

(a) Access control/एक्सेस कन्ट्रोल
(b) Congestion/कन्जेशन
(c) Error propagation/एरर प्रोपेगेशन
(d) Deadlock/डेडलॉक

**24. The computers and computers networks exchange information using….......to communicate with each other.**
**कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर नेटवर्क आपस में संचार करने के लिए............... का प्रयोग करके सूचना का आदान-प्रदान करते हैं।**

(a) Server/सर्वर
(b) Transmission Control Protocol
ट्रांसमिशन कंट्रोल प्रोटोकॉल
(c) Digital Network/डिजिटल नेटवर्क
(d) World Wide Web/वर्ल्ड वाइड बेव

**25. Which gateway is an intermediate solution between the packet filter and the application gateway?**
**कौन सा गेटवे पैकेट फिल्टर और एप्लिकेशन गेटवे के बीच एक मध्यवर्ती समाधान है?**

(a) Stateful firewall/स्टेटफुल फायरवॉल
(b) Packet-filtering/पैकेट फिल्टिरिंग
(c) Circuit-level/सर्किट लेवल
(d) Stateless firewall/स्टेटलेस फ़ायरवॉल

**26. ................is a communication protocol for electronic mail transmission.**
**..............इलेक्ट्रॉनिक मेल प्रेषण के लिए एक संचार प्रोटोकॉल है।**

(a) FTP (b) MAILTP
(c) EMTP (d) SMTP

**27. Which of these establishes communication between servers and work stations?**
**निम्नलिखित में से कौन सर्वर एवं कार्य स्थानों के मध्य संपर्क स्थापित करवाता है?**

(a) Interspace/इंटरस्पेस
(b) Backbone/बैकबोन
(c) Terminal Access Point/टर्मिनल एक्सेस पॉइंट
(d) Gateway/गेटवे

**28. Which of the following statements is NOT true about twisted pair cable?/ट्विस्टेड पेयर केबल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) The two wires are typically 'twisted' together in a helix to reduce interference between the two conductors./दो कंडक्टरों के बीच हस्तक्षेप को कम करने के लिए दो तारों को आमतौर पर एक हेलिक्स में एक साथ 'मुड़' दिया जाता है।
(b) Data rate is determined by wire thickness and length./डेटा दर तार की मोटाई और लम्बाई से निर्धारित होती है।
(c) Twisted pair can be used for both analog and digital communications.
मुड़ जोड़ी का उपयोग एनालॉग और डिजिटल संचार दोनों के लिए किया जा सकता है।
(d) One of their most popular use is in cable TV (CATV) for the distribution of TV signals./टीवी संकेतों के वितरण के लिए केबल टीवी (सीएटीवी) में उनका सबसे लोकप्रिय उपयोग है।

**29. What kind of codes does K-maps adjacent cells hold?**
**K-मैप्स के आसन्न सेलों में किस प्रकार के कोड होते हैं?**

(a) Plane binary /प्लेन बाइनरी
(b) Hamming code /हैमिंग कोड
(c) Cyclic Redundancy Code (CRC)
साइक्लिक रिडंडेंसी कोड(CRC)
(d) Gray code /ग्रे कोड

**30. The hexadecimal representation of the binary number $(1101010.01)_2$ is–**
**एक द्विपदीय संख्या $(1101010.01)_2$ का हेक्साडेसीमल रूपांतरण क्या है?**

(a) $(6A.4)_{16}$ (b) $(6A.1)_{16}$
(c) $(D2.4)_{16}$ (d) $(D2.1)_{16}$

**31. In octal number system, the different symbol are used is/ऑक्टल नंबर सिस्टम में प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न चिन्ह............है।**

(a) 8 (b) 2
(c) 16 (d) 4

**32. Convert the decimal fraction number 0.8125 into its binary equivalent./दशमलव भिन्न संख्या 0.8125 को इसके बाइनरी समकक्ष में बदलें।**

(a) 0.1111 (b) 0.111
(c) 0.0011 (d) 0.1101

**33. In the Gray code, successive numeric values differ only by _____bit./ग्रे कोड में, क्रमिक संख्यात्मक मान केवल .......... बिट से भिन्न होता है।**

(a) 1 (b) 3
(c) 2 (d) 4

**34. The range of integer values that can be represented using 16-bit 2's complement form is**
**पूर्णांक वैल्यू की सीमा जिसे 16 बिट दो के पूरक का उपयोग करके दर्शाया जा सकता है-**

(a) –32768 to + 32767 (b) –32767 to + 32767
(c) –32767 to + 32768 (d) –32768 to + 32768

**35. ASCII-8 एक 8-बिट वाला कोड है और यह विशिष्ट रूप से अधिकतम__ वर्णों को निरूपित कर सकता है।**

(a) 256 (b) 127
(c) 255 (d) 128

**36. Which of the following registers is used for storage of data, either coming to the CPU or data being transferred by the CPU?/निम्नलिखित में से कौन-सा रजिस्टर डेटा के भंडारण के लिए उपयोग किया जाता है या सीपीयू में आ रहा है या डेटा सीपीयू द्वारा स्थानान्तरित किया जा रहा है?**

(a) Program counter
(b) Memory Buffer register
(c) Memory Address register
(d) Accumulator

**37. Which company developed Java?**
**जावा को किस कम्पनी ने विकसित किया था?**

(a) Microsoft/माइक्रोसॉफ्ट (b) Sun/सन
(c) Novell/नोवेल (d) Oracle/ऑरैकल

**38. Adding an element to the stack means:**
**स्टैक में एक एलिमेंट के जोड़ने का मतलब होता है:**

(a) Removing elements from the stack
स्टैक से एलिमेंट को हटाना
(b) Placing an element at the front end
फ्रंट एंड में एक एलिमेंट को रखना
(c) Placing an element at the rear end
रियर एंड में एक एलिमेंट को रखना
(d) Placing an element at the top
शीर्ष पर एक एलिमेंट को रखना

**39. Which element would get first deleted from the stack?/निम्न में से कौन सा एलिमेंट स्टैक में से पहले डिलीट होगा?**

(a) The element in the middle of the stack
स्टैक के बीच का एलिमेंट
(b) Any specified element/कोई निर्दिष्ट एलिमेंट
(c) The element at the bottom of the stack
स्टैक के नीचे का एलिमेंट
(d) The element at the top of the stack
स्टैक के शीर्ष का एलिमेंट

**40. Which of the following is a collection of different elements having similar data type?**
**समान डाटा किस्मों वाले भिन्न-भिन्न अवयवों का संग्रहण कहलाता है?**

(a) Array/आव्यूह (b) Structrue/संरचना
(c) Union/यूनियन (d) Pointer/प्वाइंटर

**41. Which of the following C statements can also be used in place of num[i]?**
**निम्नलिखित में से कौन से कथन का उपयोग num[i] के स्थान पर भी किया जा सकता है?**

(i) *(num + i)
(ii) i[num]
(iii) *(i + num)

(a) Only (ii)/केवल (ii)
(b) (i), (ii) and (iii)/(i), (ii) और (iii)
(c) Only (i)/केवल (i)
(d) Only (iii)/केवल (iii)

**42. All preprocessor commands is C begin with a**
**C में सभी प्रीप्रोसेसर कमांड शुरू होते हैं–**

(a) & (b) #
(c) 1 (d) $

**43. What type of error is 'use of undeclared variables'?/'अघोषित वैरिएबल का उपयोग' किस प्रकार की त्रुटि है?**

(a) Run-time/रन-टाइम
(b) Exception/अपवाद
(c) Logical/तार्किक
(d) Compile-time/कंपाइल टाइम

**44. Who is credited with developing "C" language?**
**"C" लैंग्वेज के विकस का श्रेय किसे जाता है?**

(a) Dennis Ritchie/डेनिस रिची
(b) Steve Rogers/स्टीव रोजर्स
(c) Bil Gates/बिल गेट्स
(d) Yashwant Kanetkar/यशवंत कानेटकर

**45. The C++ programming language was developed at AT & T Bell Laboratories in the early____ by Bjarne Stroustrup.**
**C++ प्रोग्रामिंग भाषा को ........... की शुरूआत में बर्जने स्ट्रॉस्ट्रुप द्वारा AT&T बेल लेबोरेटरीज में विकसित किया गया था।**

(a) 1980 (b) 1990
(c) 1960 (d) 1970

**46. जावा स्त्रोत कूट (कोड) को आरंभिक रूप से एक ______ में परिवर्तित किया जाता है।**

(a) ऑब्जेक्ट कोड (b) यूनिकोड
(c) बाइट कोड (d) ASCII कूट

**47. If you have to implement an 'if..else' construct in a flow chart, the symbol to be used is/यदि आपको फ्लोचार्ट में एक 'if..else' कंस्ट्रक्ट का कार्यान्वयन करना है, तो किस चिन्ह का उपयोग होगा?**

(a) Diamond / तिर्यग्वर्ग
(b) Parallelogram /समान्तर चतुर्भुज
(c) Oval /अंडाकार
(d) Arrow /तीर

**48. With respect to linked lists and arrays, which of the following statements is INCORRECT?**
**लिंक्ड सूचियों और सरणियों के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

(a) Linked list is slower in add and remove, but faster in get/लिंक की गई सूची जोड़ने और घटाने में धीमी है, लेकिन प्राप्त करने में तेज है।

(b) Array allocates memory at the time of declaring the array, while linked list allocates memory at the time of adding elements to the linked list./ऐरे, ऐरे को घोषित करते समय मेमोरी आवंटित करता है, जबकि लिंक्ड सूची लिंक्ड सूची में एलीमेंट को जोड़ने के समय मेमोरी आवंटित करती है।

(c) Elements can be added to linked lists indefinitely, while an array will eventually get filled or will have to be resized./एलीमेन्ट्स को लिंक की गई सूचियों में अनिश्चित काल तक जोड़ा जा सकता है जबकि एक सारणी अंततः भर जाएगी या उसका आकार बदलना होगा।

(d) Arrays allow random access to the elements contained within them, a linked list only allows sequential access to its elements./सरणियाँ अपने भीतर निहित एलीमेंट्स तक यादृच्छिक पहुँच की अनुमति देती है, एक लिंक्ड सूची केवल इसके एलीमेन्ट्स के लिए अनुक्रमिक पहुँच की अनुमति देती है।

**49. A malware that secretly collects information about users without their consent is called:-**
**एक मैलवेयर जो गुप्त रूप से उपयोगकर्ताओं के बारे में उनकी सहमति के बिना जानकारी एकत्र करता है, कहलाता है:-**

(a) Spyware/स्पाईवेयर (b) Virus/वायरस
(c) Bootware/बूटवेयर (d) Adware/ऐडवेयर

**50. The Microsoft Paint program is used for ______./माइक्रोसॉफ्ट पेंट प्रोग्राम, के लिए प्रयोग किया जाता है–**

(a) calculations (b) saving text
(c) presentations (d) drawing pictures

**51. Word processing, spreadsheet and photo-editing are examples of/वर्ड प्रोसेसिंग, स्प्रैडशीट और फोटो-एडिटिंग निम्नलिखित के उदाहरण हैं**

(a) Application software/एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर
(b) System software/सिस्टम सॉफ्टवेयर
(c) Operating system software
ऑपरेटिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर
(d) Platform software/प्लेटफॉर्म सॉफ्टवेयर

**52. A collection of program that controls how your computer system runs and processes information is called............**
**................वह प्रोग्राम संग्रह है, जो यह नियंत्रित करता है कि आपकी कंप्यूटर प्रणाली किस प्रकार चलती है और सूचनाओं को संसाधित करती है।**

(a) Operating System/ऑपरेटिंग सिस्टम
(b) Interpreter/इंटरप्रेटर
(c) Compiler/कम्पाइलर
(d) MS office/एम.एस. ऑफिस

**53. Using which of the following commands, will all the source files be archived to build a static library in Unix?**
**निम्नलिखित में से किस कमांड का उपयोग करते हुए, यूनिक्स में एक स्थिर लाइब्रेरी बनाने के लिए सभी सोर्स फाइलों को संग्रहीत किया जाएगा?**

(a) Sl (b) Arl
(c) ar (d) Sll

**54. The Linux OS was developed by Linus Torvalds in ____./Linux OS को Linus Torvalds द्वारा ____ में विकसित किया गया था।**

(a) 1980 (b) 1995
(c) 1991 (d) 1988

**55. Which of the following statements is true about "Race Condition"?/''रेस कंडीशन'' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) When multiple process are accessing shared data without access control, the final result depends on the execution order./जब कई प्रक्रियाएं साझा डेटा तक पहुँच रही हैं, बिना पहुँच नियंत्रण के परिणाम निष्पादन आदेश पर निर्भर करता है।

(b) When one process is executing in its critical section, no other process is allowed to execute in that critical section./जब एक प्रक्रिया अपने महत्वपूर्ण खंड में निष्पादित हो रही है, तो उस महत्वपूर्ण खंड में किसी अन्य प्रक्रिया को निष्पादित करने की अनुमति नहीं है।

(c) If multiple processes are blocked on the same semaphore, only one of them will be awakened when another process performs signal(s) operation./यदि एक ही सेमाफोर में कई प्रक्रियाएं अवरुद्ध हैं, तो उनमें से केवल एक ही जागृत होगी जब दूसरी प्रक्रिया सिंग्नल (एस) ऑपरेशन करती है।

(d) If the critical section is being used, waiting processes loop continuously at the entry point./यदि क्रिटिकल सेक्शन का उपयोग किया जा रहा है, तो वेटिंग प्रोसेस एंट्री पॉइंट पर लगातार लूप करता है।

**56. Which of the following statement(s) is/are CORRECT with respect to BIOS?**
**निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन BIOS के संबंध में सही है/हैं?**

I. It is a set of computer instructions in firmware.
यह फर्मवेयर में कम्प्यूटर निर्देशों का एक सम्मुचय है।

II. It controls input and output operations.
यह इनपुट तथा आउटपुट संचालन नियंत्रित करता है।

III. Full form of BIOS is basic input-output system./ BIOS का असंक्षिप्त रूप बेसिक इनपुट-आउटपुट सिस्टम है।

(a) Only I and II/केवल I तथा II
(b) Only I and III/केवल I तथा III
(c) Only II and III/केवल II तथा III
(d) All statements are correct./सभी कथन सही है।

**57. निम्न में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
**(i) Linux प्रणाली में, 'file.txt' और 'FILE.txt' को अलग-अलग फाइल नाम माना जाएगा।**
**(ii) Windows प्रणाली में , 'file.txt' और 'FILE.txt' को एक फाइल नाम माना जाएगा।**
(a) न तो (i) न ही (ii)
(b) केवल (ii)
(c) (i) और (ii) दोनों
(d) केवल (i)

**58. Linux is a/an.............operating system.**
**लिनक्स एक................ऑपरेटिंग सिस्टम है।**
(a) Mac/मैक
(b) Windows/विंडोज़
(c) Microsoft/माइक्रोसॉफ्ट
(d) Open-source /ओपन-सोर्स

**59. Which system call is used by the operating system to create a new process?**
**नई प्रक्रिया बनाने के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा किस सिस्टम कॉल का उपयोग किया जाता है?**
(a) Fork()
(b) Exce()
(c) Pipe()
(d) Open()

**60. Constantly running system-program processes are known as**
**निरंतर सक्रिय सिस्टम-प्रोग्राम प्रोसेस को क्या कहते है?**
(a) Daemons/डीमन
(b) Processes/प्रोसेस
(c) Process Block/प्रोसेस ब्लॉक
(d) Process Control Block/प्रोसेस कंट्रोल ब्लॉक

**61. In computing, 1 nibble is equal to ...............?**
**कम्प्यूटिंग में 1 निब्बल .......... के बराबर होता है।**
(a) 4 bit
(b) 4 bytes
(c) 8 bytes
(d) 4 kilo bytes

**62. Which among the following is a Sequential Access Memory?/निम्नलिखित में से कौन-सी क्रमिक एक्सेस मेमोरी है?**
(a) Optic Disk/ऑप्टिक डिस्क
(b) Magnetic Disk/चुम्बकीय डिस्क
(c) Magnetic Drum/चुम्बकीय ड्रम
(d) Magnetic Tape/चुम्बकीय टेप

**63. To reduce memory access time, a small, fast memory is inserted between the main memory and the processor. What is this memory called?/मेमोरी एक्सेस टाइम को कम करने के लिए, मुख्य मेमोरी और प्रोसेसर के बीच एक छोटी, तेज मेमोरी डाली जाती है। इस मेमोरी को क्या कहते है?**
(a) Accumulator/एक्यूमुलेटर
(b) Register/रजिस्टर
(c) Dynamic RAM/डायनामिक रैम
(d) Cache/कैश

**64. In the word "EDO RAM" what is the full form of EDO?**
**"EDO RAM" शब्द में, EDO का पूर्ण रूप क्या है?**
(a) Expanded Data Origin
एक्स्पान्डेड डाटा ऑरिजिन
(b) Extended Dynamic Output
एक्सटेंडेड डायनामिक आउटपुट
(c) Expanded Dynamic
एक्सपान्डेड डायनामिक आउटपुट
(d) Extended Data Output
एक्सटेंडेड डाटा आउटपुट

**65. Upon switching off the power, the type of memory that readily loses data is classified as**
**बिजली बंद करने पर, आसानी से डेटा खो देने वाली मेमोरी के प्रकार को वर्गीकृत किया जाता है–**
(a) Volatile Memory
(b) Impact Storage
(c) Non-Volatile Memory
(d) Non-Impact Storage

**66. The resolution of a printer is measured in/किसी प्रिंटर का रिजोल्यूशन निम्नलिखित में मापा जाता है**
(a) Megabits/मेगाबाइट्स
(b) Hz/हर्ट्ज
(c) Dots per inch (DPI)/डॉट्स प्रति इंच (DPI)
(d) Inches (diagonal)/इंचेज (तिरछा)

**67. Which of the following is not an output device ?**
**आउटपुट डिवाइस निम्न में से कौन-सी नहीं है?**
(a) Plotter/प्लॉटर
(b) Speech synthesizer/स्पीच सिंथेसाइजर
(c) MICR
(d) Smart and intelligent terminal
स्मार्ट और इन्टेलीजेंट टर्मिनल

**68. Which of the following keys work in a toggle mode in a computer keyboard?/निम्नलिखित में से कौन सी कुंजियाँ कम्प्यूटर की बोर्ड में टॉगल मोड में कार्य करती हैं?**
(a) Shift
(b) Caps lock
(c) Enter
(d) Ctrl

**69. Which of the following input devices utilizes a light sensitive detector to select an object on a display screen?**
**निम्नलिखित इनपुट उपकरणों में से कौन डिस्प्ले स्क्रीन पर ऑब्जेक्ट का चयन करने के लिए एक प्रकाश संवेदनशील डिटेक्टर का उपयोग करता है?**
(a) OMR/ओएमआर
(b) Light pen/लाइट पेन
(c) Scanner/स्कैनर
(d) Printer/प्रिंटर

70. **The default layout of most keyboards is called - अधिकांश कीबोर्डों का डिफॉल्ट लेआउट क्या कहलाता है?**
(a) ALPHBET (b) QWERTY
(c) ASCII (d) IEEE

71. **Which of the following is NOT a type of personal computer?/निम्न में से कौन सा एक प्रकार का पर्सनल कंप्यूटर नहीं है?**
(a) Desktop computer/डेस्कटॉप कंप्यूटर
(b) Mainframe computer/मेनफ्रेम कंप्यूटर
(c) Palmtop computer/पामटॉप कंप्यूटर
(d) Laptop/लैपटॉप

72. **Vacuum Tubes were used by ......... Generation of Computers./वैक्यूम ट्यूब को कम्प्यूटर की...........पीढ़ी द्वारा इस्तेमाल किया गया था।**
(a) First/पहली
(b) Second/दूसरी
(c) Third/तीसरी
(d) Fourth/चौथी

73. **Who is considered as the father of the computer?/कम्प्यूटर का जनक किसे माना जाता है?**
(a) Willam Thomson/विल्लम थॉमसन
(b) Lord Kelvin/लॉर्ड केल्विन
(c) Charles Babbage/चार्ल्स बैबेज
(d) Pierre Jaguet-Droz/पियरे जैक्वेट-ड्रोज

74. **What does the term USB stand for? USB टर्म का फुल फॉर्म क्या है?**
(a) Unique Service Business
(b) Unique Service Bus
(c) Universal Serial Bus
(d) Universal Service Bus

75. **What is the full form of PGA graphics card?/पीजीए ग्राफिक्स कार्ड का फुल फॉर्म क्या है?**
(a) Professional Graphics Array
प्रोफेशनल ग्राफिक्स ऐरे
(b) Portal Graphic Array/पोर्टल ग्राफिक्स ऐरे
(c) Personal Graphics Array/पर्सनल ग्राफिक्स ऐरे
(d) Public Giga Array/पब्लिक गीगा ऐरे

76. **Program Counter (PC) register stores the : कार्यक्रम काउण्टर (पीसी) रजिस्टर भण्डार होता है–**
(a) Address of the first memory block
पहला मेमोरी ब्लॉक का पता
(b) Address of the last memory block
अन्तिम मेमोरी ब्लॉक का पता
(c) Address of the next instruction to be executed
निष्पादित होने वाले अगले अनुदेश का पता
(d) Size of the primary memory
प्राथमिक मेमोरी का आकार

77. **The CPU clock speed refers to the number of:/सी.पी.यू. क्लॉक स्पीड की संख्या को संदर्भित करती है:**
(a) CPUs it can have/ सी.पी.यू. हो सकता है।
(b) RAMs it can have/ रैम हो सकता है।
(c) clocks it can have/ क्लॉक हो सकता है।
(d) Number of cycles CPU executes per second
चक्रो की संख्या को सी.पी.यू. प्रति सेकण्ड निष्पादित करता है।

78. **If you want to improve the performance of your PC, you need to upgrade यदि आप अपने PC की कार्यक्षमता को बेहतर करना चाहते हैं तो आपको निम्नलिखित को अपग्रेड करना होगा**
(a) CPU/सीपीयू
(b) Monitor/मॉनीटर
(c) Keyboard/कीबोर्ड
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

79. **An 'Optical Character Reader' is an example of:/एक 'ऑप्टिकल कैरेक्टर रीडर' एक उदाहरण है:**
(a) control unit/कंट्रोल यूनिट
(b) input unit/इनपुट यूनिट
(c) arithmetic and logic unit
अर्थमेटिक एंड लॉजिक यूनिट
(d) output unit/आउटपुट यूनिट

80. **Which material is used to manufacture Computer Chips ? कम्प्यूटर चिप्स के निर्माण में किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?**
(a) Silver/चांदी
(b) Iron/लोहा
(c) Gold/सोना
(d) Semiconductor/सेमीकंडक्टर

81. **ओगनिया, अंगोटिया, सुरलिया, आभूषण पहने जाते हैं-**
(a) सिर पर (b) कलाई पर
(c) कानों में (d) पैरों में

82. **''अतारकिन–का–दरवाजा'' राजस्थान के निम्न में से किस जिले में स्थित है?**
(a) नागौर (b) अजमेर
(c) जालौर (d) चित्तौड़गढ़

83. **निम्नलिखित में से कौन-सा जिला राजस्थान में 'मरु त्रिकोण' का भाग नहीं है?**
(a) जोधपुर (b) बीकानेर
(c) बाड़मेर (d) जैसलमेर

84. राजस्थान के इनमें से किस शहर को 'बावड़ियों का शहर' कहते हैं?
(a) जालोर (b) दौसा
(c) बूँदी (d) जैसलमेर

85. किस जिले को 'एक्सीलेंस' इन गवर्नमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन' श्रेणी के अन्तर्गत 24वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार मिला?
(a) बाड़मेर (b) जोधपुर
(c) नागौर (d) बीकानेर

86. निम्न में से कौन राजस्थान के प्रथम विपक्ष के नेता थे?
(a) जसवंत सिंह
(b) लक्ष्मण सिंह
(c) परमसराम मदेरणा
(d) रामनारायण चौधी

87. दामना नामक आभूषण कहाँ धारण किया जाता है?
(a) उँगलियों में (b) पैरों में
(c) कमर में (d) गले में

88. ऐतिहासिक स्थल 'जाबालिपुर' की आधुनिक पहचान है-
(a) जालौर (b) सिरोही
(c) नागौर (d) जैसलमेर

89. राजस्थान के उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम विस्तार में अन्तर है-
(a) 41 किलोमीटर
(b) 42 किलोमीटर
(c) 40 किलोमीटर
(d) 43 किलोमीटर

90. राजस्थान का दक्षिणतम अक्षांश क्या है?
(a) 23°31' दक्षिणी
(b) 23°30' दक्षिणी
(c) 23°3' उत्तरी
(d) 23°30' उत्तरी

91. **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**Your eldest sister/ lives in / a big city,/ does she?**
(a) a big city
(b) lives in
(c) does she
(d) Your eldest sister

92. **Select the option that will improve the (bracketed) part of the sentence. In case of no improvement select the option 'No improvement'.**
**When you ride a horse, (you sat on it and control it's) movements.**
(a) you sit on it and afterwards control it's
(b) you seated on it and control it's
(c) you sit on it and control its
(d) No improvement

93. **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**I who_____ your friend and wellwisher, should have been informed about your decision.**
(a) are (b) is
(c) am (d) be

94. **Select the option that expresses the given sentence in passive voice.**
**The students must complete the assignment by Friday.**
(a) The students will have completed the assignment by Friday.
(b) The assignment will be completed by the students by Friday.
(c) The assignment must be complete by Friday by the students.
(d) The assignment must be completed by the students by Friday.

95. **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Ample**
(a) Entertain (b) Sample
(c) Temple (d) Sufficient

96. **Select the most appropriate antonym of the given word.**
**ACQUIT**
(a) replace (b) relieve
(c) leave (d) condemn

97. **Select the INCORRECTLY spelt word.**
(a) Allmost (b) Treble
(c) Nozzle (d) Moisture

98. **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**A person who believes in or tries to bring about a state of lawlessness**
(a) Ephemeral (b) Deluge
(c) Gazette (d) Anarchist

99. **Select the most appropriate meaning of given idiom.**
**Zenith of life**
(a) Important for life
(b) happy and free
(c) highest pinnacle of someone's life
(d) unhappy and regretful

100. **Select the option that expresses the given sentence in passive voice.**
**The boy will bring the coffee.**
(a) The coffee must have been brought by the boy.
(b) The coffee will have been brought by the boy.
(c) The coffee would have been brought by the boy.
(d) The coffee will be brought by the boy.

# SOLUTION : PRACTICE SET-01

## Answer

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.(d) | 11.(d) | 21.(d) | 31.(a) | 41.(b) | 51.(a) | 61.(a) | 71.(b) | 81.(c) | 91.(c) |
| 2.(b) | 12.(d) | 22.(b) | 32.(d) | 42.(b) | 52.(c) | 62.(d) | 72.(a) | 82.(a) | 92.(c) |
| 3.(b) | 13.(d) | 23.(b) | 33.(a) | 43.(d) | 53.(c) | 63.(d) | 73.(c) | 83.(c) | 93.(c) |
| 4.(c) | 14.(c) | 24.(b) | 34.(a) | 44.(a) | 54.(c) | 64.(d) | 74.(c) | 84.(c) | 94.(d) |
| 5.(a) | 15.(d) | 25.(c) | 35.(a) | 45.(a) | 55.(a) | 65.(a) | 75.(a) | 85.(c) | 95.(d) |
| 6.(b) | 16.(b) | 26.(d) | 36.(b) | 46.(c) | 56.(d) | 66.(c) | 76.(c) | 86.(a) | 96.(d) |
| 7.(b) | 17.(a) | 27.(c) | 37.(b) | 47.(a) | 57.(c) | 67.(c) | 77.(d) | 87.(a) | 97.(a) |
| 8.(c) | 18.(b) | 28.(d) | 38.(d) | 48.(a) | 58.(d) | 68.(b) | 78.(a) | 88.(a) | 98.(d) |
| 9.(d) | 19.(c) | 29.(d) | 39.(d) | 49.(a) | 59.(a) | 69.(b) | 79.(b) | 89.(d) | 99.(c) |
| 10.(d) | 20.(c) | 30.(a) | 40.(a) | 50.(d) | 60.(a) | 70.(b) | 80.(d) | 90.(c) | 100.(d) |

## Solution

**1.(d)**

MS वर्ड में, पेज ब्रेक को इंसर्ट करने के लिए Ctrl + Enter 'की' कॉम्बिनेशन का उपयोग करते है।

**2.(b)**

शॉर्टकट 'की' "N" का प्रयोग एमएस पॉवरप्वाइंट में स्लाइड शो के दौरान अगले स्लाइड अथवा एनीमेशन में जाने के लिए किया जाता है।

**3.(b)**

एमएस-पॉवरप्वॉइंट के स्लाइड में वीडियो जोड़ने पर प्लेबैक स्थिति क्षैतिज स्लाइड पर इंगित होती है और वीडियो फाइलों को जूम-इन करने की सुविधा तथा प्रिव्यू का विकल्प भी उपलब्ध होता है। एमएस-पॉवरप्वॉइंट के स्लाइड में वीडियो जोड़ने पर वीडियो क्लिप का वैल्यूम बदलना सम्भव होता है।

**4.(c)**

जब हम MS-Power Point में कोई प्रस्तुति तैयार करते हैं। और उसे save करने के लिए Ctrl + S का प्रयोग करते है save करते समय Presentation (प्रस्तुति) का नाम पूछा जाता है जहाँ पर डिफॉल्ट नाम Presentation1 लिखा होता है यदि आप इसे बदलना चाहे तो बदल सकते हैं नहीं तो यह Presentation1, Presentation2 के क्रम में file को save करता रहेगा।

**5.(a)**

एमएस-एक्सेल में नम्बर का डिफॉल्ट संरेखण (Alignment) दाएं तथा टेक्स्ट का डिफॉल्ट संरेखण बाएं (Left) होता है।

**6.(b)**

स्प्रेडशीट एक ऐसा प्रोग्राम हैं जो टेबुलर डेटा को संगठित, विश्लेषित और भण्डारण करता है। स्प्रेडशीट पैकेज के प्रख्यात उदाहरण CalC, Lotus 1-2-3, QuattroPro आदि हैं

**7.(b)**

DMAX फंक्शन को एक्सेल डेटाबेस फंक्शन के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है। फंक्शन उपयोगकर्ता द्वारा निर्दिष्ट मापदण्डों के आधार पर चयनित रिकार्ड के लिए डेटाबेस में किसी विशिष्ट फील्ड/कॉलम के लिए अधिकतम मान खोजने में सहायता करता है।

DMAX एक संख्यात्मक मान लौटाता है इसे MS-Excel 2000 में पेश किया गया था।

Formula–

= DMAX (database, field, criteria)

**8.(c)**

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड 2013 के लेआउट मेनु में Insert row/column सम्मिलित होता है।

**9.(d)**

Continuous (कंटीन्यूअस), सेक्शन उसी पेज पर नया सेक्शन प्रारम्भ करता है। इस प्रकार के सेक्शन ब्रेक का उपयोग अक्सर एक नया पेज शुरू किए बिना कॉलम की संख्या को बदलने के लिए किया जाता है। यहाँ तक कि पेज सेक्शन ब्रेक अगले सम-संख्या वाले पेज पर एक नया सेक्शन शुरू करता है।

**10.(d)**

एक सिंगल डॉक्यूमेंट में पेज नम्बर के रूप में रोमन और अरबी दोनों ही अंकों में हो सकता है। इन्सर्ट टैब पर हेडर और फूटर समूह के अन्तर्गत पेज नम्बर पर क्लिक करें और फिर फॉर्मेट पेज नम्बर्स पर जाएँ। फॉर्मेट पेज नम्बर डायलॉग बॉक्स पर, फार्मेट नम्बर देवनागरी संख्याओं को रोमन या अरबी अकों को सेलेक्ट करें और पृष्ठ को i, ii और iii के रूप में बदल सकते हैं।

**11.(d)**

राइट एलाइनमेंट का उपयोग करने के लिए Ctrl + R शार्टकट की का प्रयोग करते हैं।

**12.(d)**

प्रोलॉग एक तार्किक प्रोग्रामिंग भाषा है जिसका उपयोग आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल भाषा विज्ञान के लिए किया जाता है। इसके अनुप्रयोगों में प्राकृतिक भाषा की समझ और विशेषज्ञ प्रणाली जैसे MYCIN शामिल है।

**13.(d)**

**setup() –** स्केच शुरु होने पर setup() फंक्शन को कॉल किया जाता है। वैरिबएल को इनिशियलाइज करने, मोड को पिन करने, लाईब्रेरी का उपयोग शुरु करने आदि के लिए इसका उपयोग किया जाता है। setup() फंक्शन प्रत्येक पॉवरअप या आर्डिनो बोर्ड के रीसेट के बाद केवल एक बार चलता है।

**loop ()–** loop() का उपयोग setup() के बाद किया जाता है, फंक्शन loop() को मुख्य कार्यक्रम में बार-बार निष्पादित किया जाता है। यह बोर्ड को तब तक नियंत्रित करता है जब तक कि बोर्ड बंद या रीसेट न हो जाये।

**14.(c)**
ई-मेल अटैचमेंट में 25एमबी तक की फाइल भेज सकते है यदि आपकी फाइल 25 एमबी से अधिक है तो ई-मेल स्वतः गूगल ड्राइव को ई-मेल से अटैचमेंट के साथ लिंक कर देगा।

**15.(d)**
सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (Simple mail Transfer Protocol) SMTP एक इलेक्ट्रॉनिक मेल ट्रांसमिशन के लिए एक इंटरनेट स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल है। जिसके माध्यम से हम कोई भी ई-मेल भेज या प्राप्त कर सकते है।

**16.(b)**
गूगल एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी है जिसे आमतौर पर सर्च इंजन के रुप में जाना जाता है। गूगल (Google) की स्थापना स्टैनफौर्ड विश्वविद्यालय के पी.एच.डी. के दो छात्र लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन द्वारा 1998 में की गई थी। इन्हे प्रायः 'गूगल गायस' के नाम से सम्बोधित किया जाता है। इसका पहला सार्वजनिक कार्य सेवा अगस्त, 2004 को प्रारम्भ हुआ।

**17.(a)**
नेशनल सेंटर फॉर सुपर कंप्यूटर एप्लीकेशन द्वारा 1993 में मौजेक वेब ब्राउजर विकसित किया गया था। यह विश्व का पहला लोकप्रिय वेब ब्राउजर था। इसमें चित्र और एक अभिनव ग्राफिकल इंटरफेस जोड़ने की सुविधा थी।

**18.(b)**
इंटरनेट का पूरा नाम इंटरनेशनल नेटवर्क है। यह आपस में एक-दूसरे से जुड़े कम्प्यूटर नेटवर्क की एक ग्लोबल संरचना है। यह TCP/IP (Transmission control protocol/ Internet protocol) प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए डेटा को पैकेट स्विचिंग के द्वारा आदान-प्रदान करता है। विश्व के लगभग सारे नेटवर्क कम्प्यूटर से जुड़े हैं। इंटरनेट कम्प्यूटर पर आधारित अन्तर्राष्ट्रीय सूचनाओं का तंत्र है। इसे 'सूचना राजपथ' भी कहते हैं। विश्व में सर्वप्रथम 1969 में अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा अर्पानेट ने कम्प्यूटर नेटवर्क विकसित किया था, जबकि भारत में इसका प्रारम्भ 15 अगस्त, 1995 को (VSNL) विदेश संचार निगम लिमिटेड द्वारा किया गया।

**19.(c)**
डायल-अप नेटवर्किंग एक संपर्क विधि है। डायल-अप नेटवर्क एक्सेस नेटवर्क का एक रूप है। जो एक मानक टेलीफोन लाइन के माध्यम से संचालित होता है। यह नेटवर्क पारम्परिक टेलीफोन लाइन पर एक टेलीफोन नंबर डायल करके इंटरनेट सेवा प्रदाता (आई.एस.पी.) के लिए कनेक्शन स्थापित करने के लिए सार्वजनिक स्विच्ड टेलीफोन नेटवर्क (पीएसटीएन) की सुविधाओं का उपयोग करता है।

**20.(c)**
वह व्यक्ति जो अनधिकृत उपयोग के लिये कम्प्यूटर सिस्टम में संगृहीत जानकारी पाने के लिये सेंध लगाता है, 'हैकर' कहलाता है। मुख्यरूप से हैकर्स 3 प्रकार के होते है–व्हाइट हैट हैकर (White Hat Hacker), ब्लैक हैट हैकर (Black Hat Hacker), ग्रे हैट हैकर (Gray Hat Hacker)।

**21.(d)**
हाइब्रिड नेटवर्क टोपोलॉजी की रूपरेखा अधिक जटिल होती है, क्योंकि यह दो या दो से अधिक बेसिक टोपोलॉजी से मिलकर बना होता है।

**22.(b)**
इंटरनेट रिले चैट (IRC) एक एप्लीकेशन लेयर प्रोटोकॉल है जो टेक्स्ट के रूप में संचार की सुविधा प्रदान करती है यह चैट प्रक्रिया क्लाइंट/सर्वर नेटवर्किंग मॉडल पर काम करती है।

**23.(b)**
नेटवर्क कन्जेशन डाटा नेटवर्किंग से जुड़ी एक समस्या है, जो कम्प्यूटर की कार्य क्षमता को प्रभावित करता है। जब एक कम्प्यूटर नेटवर्क में बहुत बड़े पैमाने पर डाटा प्रेषित किया जाता तो इसे नेटवर्क कन्जेशन कहा जाता है। वास्तव में नेटवर्किंग में कन्जेशन वह स्थिति है, जब नेटवर्क के अन्दर कम्प्यूटर द्वारा भेजे गये भारी मात्रा में डाटा भेजने से नेटवर्क द्वारा डाटा भेजने में कमी आती है। नेटवर्क कन्जेशन को रोकने के लिए कन्जेस्टिव कोलैप्स (Congestive Collapse) की प्रक्रिया अपनायी जाती है।

**24.(b)**
कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर नेटवर्क आपस में संचार करने के लिए ट्रांसमिशन कट्रोंल प्रोटोकॉल (TCP) का प्रयोग करके सूचना का आदान प्रदान करते है। ध्यातव्य है कि प्रोटोकॉल किसी नेटवर्क में विभिन्न कम्प्यूटरों को आपस में जोड़ने तथा सूचना के आदान-प्रदान को सरल बनाने के लिए बनाये गये नियमों और प्रक्रियाओं का समूह है। प्रोटोकॉल के अन्य प्रकार है- पोस्ट ऑफिस प्रोटोकॉल (POP), सिम्पल मेल ट्रासफंर प्रोटोकॉल (SMTP), हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल (HTTP)।

**25.(c)**
सर्किट लेवल फायरवॉल का एक प्रकार है, जो पैकेट फिल्टर और एप्लिकेशन गेटवे के बीच एक मध्यवर्ती समाधान है।

**26.(d)**
सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (SMTP) इलेक्ट्रॉनिक मेल ट्रांसमिशन के लिए एक इंटरनेट मानक संचार प्रोटोकॉल है। मेल सर्वर और अन्य संदेश हस्तांतरण (transfer) एजेंट मेल संदेश भेजने और प्राप्त करने के लिए SMTP का उपयोग करते है।

**27.(c)**
टर्मिनल एक्सेस पॉइंट विभिन्न सर्वर तथा कार्य स्थानों के मध्य संपर्क स्थापित करने का कार्य करता है। जिससे की डाटा का अदान-प्रदान किया जा सके।

**28.(d)**
स्टेटमेंट 4 ट्विस्टेड पेयर केबल के बारे में सही नहीं है क्योंकि केबल टेलीविजन, समाक्षीय (coaxial) केबलों के माध्यम से प्रसारित रेडियों फ्रीक्वेंसी (RF) संकेतों के माध्यम से उपभोक्ताओं के टेलीविजन प्रोग्राम प्रदान करने की एक प्रणाली है।

**29.(d)**
ग्रे कोड सिक्वेंश केवल एक बाइनरी बिट को बदलता है क्योंकि हम बाइनरी के विपरीत सिक्वेश में एक नंबर से अगले तक जाते है इसका अर्थ है कि एडजेसेंट सेल केवल एक बिट या बूलियन वैरिएबल के द्वारा अलग होगी। यह वही है जो हमें लॉजिक फंक्शन के आउटपुट को व्यवस्थित करने में आवश्यक है ताकि हम समानता देख सके।

**30.(a)**

बाइनरी संख्या = $(1101010.01)_2$

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बाइनरी | 0110 | 1010 | . | 0100 |
| | ↓ | ↓ | | ↓ |
| हेक्सा डेसीमल | 6 | 10 | . | 4 |
| | ↓ | ↓ | | ↓ |
| | 6 | A | . | 4 |

अतः $(01101010.0100)_2 = (6A.4)_{16}$

**31.(a)**

ऑक्टल नम्बर सिस्टम में 8 विभिन्न चिह्न का प्रयोग किया जाता है, जो कि इस प्रकार हैं– 0,1,2,3,4,5,6,7।

**32.(d)**

$(0.8125)_{10} = (?)_2$

$0.8125 \times 2 = 0.625 \rightarrow 1$

$0.625 \times 2 = 0.250 \rightarrow 1$

$0.25 \times 2 = 0.5 \rightarrow 0$

$0.5 \times 2 = 0.0 \rightarrow 1$

उपरोक्त संख्या को बाइनरी में बदलने के लिए दशमलव वाले संख्या को लगातार 2 से गुणा करते है तथा इसके पूर्णांक भाग को अलग लिखते जाते हैं।

$(0.8125)_{10} = (0.1101)_2$

**33.(a)**

ग्रे कोड एक दशमलव अंक का एक कोडिट बाइनरी रिप्रजेन्टेशन है जिसमें लगातार अंकों के लिए 1 बिट स्थिति में बदलाव होता है।

| Decimal digit | Binary | Gray code |
|---|---|---|
| 0 | 000 | 000 |
| 1 | 001 | 001 |
| 2 | 010 | 011 |

**34.(a)**

16 बिट इंटिजर वैल्यू 2 के पूरक के रूप इसकी सीमा $-2^{15}$ (-32,768) से $+2^{15}$ (32767) होता है।

**35.(a)**

ASCII-8 एक बिट वाला कोड और यह विशिष्ट रूप से अधिकतम $2^8 = 2\times2\times2\times2\times2\times2\times2\times2 = 256$ वर्गों को निरूपित करता है।

**36.(b)**

मेमोरी बफर रजिस्टर (MBR) मेमोरी डेटा रजिस्टर (MDR) के रूप में भी जाना जाता है। इसका उपयोग डेटा भंडारण के लिए किया जाता है यह सीपीयू में स्थित एक रजिस्टर होता है।

**37.(b)**

जावा एक उच्चस्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा है। जिसे मूलतः सन माइक्रोसिस्टम के जेम्स गोसलिंग द्वारा विकसित किया गया तथा 1995 ई. में इसे सन माइक्रोसिस्टम के जावा प्लेटफार्म के एक मुख्य अवयव के रूप में जारी किया गया। जावा के प्रयोग को विशिष्ट रूप से बाईटकोड (क्लास फाइल) के लिए संकलित किया जाता है जिसे किसी भी कंप्यूटर आर्किटेक्चर वाले किसी भी जावा वर्चुअल मशीन पर चालू किया जा सकता है।

**38.(d)**

स्टैक एक लिनियर डेटा स्ट्रक्चर है जिसमें डेटा को जोड़ने के लिए उस एलिमेंट को टॉप पर रखते है।

**39.(d)**

स्टैक एक linear data स्ट्रंक्चर है जो डाटा ऑपरेशन परफार्म करने के लिए एक particular sequential ऑर्डर फालो करता है। स्टैक में सर्वप्रथम शीर्ष का एलिमेंट डिलीट होता है क्योंकि यह LIFO (Last in first out) को फॉलों करता है।

**40.(a)**

समान डाटा किस्मों वाले भिन्न–भिन्न अवयवों का संग्रहण आव्यूह (Array) कहलाता है जैसे–integer या string आव्यूह का उपयोग साधारणतया कम्प्यूटर प्रोग्राम में डाटा आर्गेनाइज करने के लिए किया जाता है।

**41.(b)**

num[i] के स्थान पर *(num + i) अथवा *(i + num) और i[num] कथन का उपयोग किया जा सकता है।

**42.(b)**

C प्रोग्राम के प्रत्येक हेडर एरिया में # Include <stdio.h> इस प्रकार के फाइल (Pre Processor) का include करते है। इनकी शुरुआत # से होती है इन्हें Preprocessor कहते है इसमें स्टेटमेन्ट की तरह सेमी कोलन (;) नही दिया जाता। Preprocessor में एक Program होता है जो सोर्स कोड कम्पाइल होने से पहले ही execute होता है।

**43.(d)**

जब हम किसी ऐसे वैरिएबल के मान को एक्सेस करते है जो डिफाइन नहीं किया गया हो तो कम्पाइल टाइम एरर आती है या जब आप सिंटैक्स को सही प्रकार से नहीं लिखते है। कम्पाइल टाइम एरर कुछ ऐसा इंगित करती है जिसे कोड कम्पाइल करने से पहले ठीक करना चाहिए था। इन सभी एरर का पता कम्पाइलर द्वारा लगाया जाता है और इस प्रकार इन्हें कम्पाइल-टाइम एरर के रूप में जाना जाता है।

**44.(a)**

'सी' लैंग्वेज एक सामान्य उपयोग में आने वाली कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा है। "C" लैंग्वेज को विकसित करने का श्रेय 'डेनिस रिची' को दिया जाता है। इसका उपयोग यूनिक्स (UNIX) नामक प्रचालन प्रणाली (Operating System) के निर्माण के लिए किया जाता है।

**45.(a)**

